प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार पर करीब 10 हजार करोड़ रुपये के ट्रेजरी घोटाले को छिपाने का आरोप लगाया है। आज रांची में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सरकार द्वारा गठित एसआईटी पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि जांच टीम में उन अधिकारियों को शामिल किया गया है, जो हजारीबाग और बोकारो में तैनाती के दौरान खुद संदेह के घेरे में रहे हैं।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज रांची स्थित लोकभवन में पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच देश और राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही राज्यपाल से हिन्दू जनजागृति समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी मुलाकात की। समिति ने ज्ञापन सौंपकर निजी बसों के मनमाने ऑनलाइन किराए पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय नीति की मांग की। साथ ही, युवाओं में बढ़ते डिजिटल व्यसन और कार्यस्थलों पर महिला सुरक्षा के मुद्दों पर प्रभावी कार्रवाई का आग्रह किया।

****

राजधानी रांची स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान, आइआइएम ने शैक्षणिक सत्र 2025–26 की अपनी अंतिम प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी कर दी है। इस वर्ष संस्थान ने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। प्लेसमेंट का सबसे बड़ा आकर्षण एक्जीक्यूटिव एमबीए बैच के एक छात्र की उपलब्धि रही, जिसे एक करोड़ 20 लाख रुपये का सालाना पैकेज मिला है। इसके साथ ही, एमबीए और बिजनेस एनालिटिक्स जैसे अन्य पाठ्यक्रमों में भी छात्रों के घरेलू वेतन में 4 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

****

लातेहार जिले में पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिले के एसपी कुमार गौरव ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस को कुरुमखेता के जंगली इलाकों में उग्रवादियों के जमा होने की गुप्त सूचना मिली थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी की और संगठन के दो उग्रवादियों को धर दबोचा। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद बरामद किया है।

****

विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला को लेकर देवघर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आज एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने का कड़ा निर्देश दिया। उपायुक्त ने विशेष रूप से देवघर–बासुकीनाथ फोरलेनके काम को 25 जून तक हर हाल में पूरा करने को कहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेला के दौरान लाखों कांवरियों और वाहनों का दबाव रहता है, ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि है। बैठक में हिंडोलावरण के पास बन रहे रेलवे ओवरब्रिज के काम में तेजी लाने के लिए रेलवे अधिकारियों से समन्वय बनाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, देवघर बाइपास के लिए वन विभाग से क्लियरेंस और रैयतों के मुआवजे के भुगतान को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने को कहा गया है।

****

फिलीपींस की राजधानी मनीला में 14 से 17 मई तक वर्ल्ड कराटे फेडरेशन द्वारा कराटे यूथ लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के खिलाड़ी भारतीय चुनौती पेश करेंगे। खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए ऑर्गेनाइजेशन के ट्राइबल और माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन, झारखंड के रांची निवासी रेंशी सुनील किस्पोट्टा भी आधिकारिक रूप से इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे। वे 10 मई को फिलीपींस के लिए रवाना होंगे।

***********समाप्त***************